कार्यालय पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस नोट

दिनांक- 25-01-2025

विषयः- **पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल द्वारा श्री काशी विश्वनाथ धाम क्षेत्र का भ्रमण कर किया गया निरीक्षण, दिये आवश्यक दिशा-निर्देश।**

- **पुलिस आयुक्त द्वारा श्री काशी विश्वनाथ धाम क्षेत्र व आवागमन के मार्गों पर पैदल भ्रमण कर श्रद्धालुओं की सुरक्षा व सुगम यातायात व्यवस्था का किया गया निरीक्षण, सम्बन्धित को दिये आवश्यक दिशा निर्देश।**
- **श्रद्धालुओं की अत्यधिक भीड़ के मद्देनजर-**
  1. **मैदागिन से गोदौलिया के मध्य VVIP/प्रोटोकॉल/पुलिस की गाड़ियों का प्रवेश भी वर्जित, केवल जेड प्लस सुरक्षा प्रदत्त महानुभाव की गाड़ी ही एलाउड होगी।**
  2. **अन्नपूर्णा मंदिर में "कुम्भाभिषेक समारोह" की तैयारियाँ व आवश्यक पुलिस व्यवस्था के प्रबन्ध में वहाँ के महन्त जी के साथ बैठक कर दिये आवश्यक निर्देश।**
  3. **ट्रैफिक एडवाइजरी (बाहरी वाहनों के प्रतिबन्ध/अनऑथराइज ऑटो का मंदिर रोड पर चलना/ मालवाहक गाड़ियों का रोकना) का हो कड़ाई से अनुपालन।**
  4. **ग्रामीण क्षेत्र की 25% फोर्स को भी मंदिर व घाट के आस-पास के क्षेत्रों में ड्यूटी लगाने के निर्देश।**
  5. **सावन माह की तरह सेक्टर/जोनल स्कीम लागू करने के निर्देश।**
- **श्रद्धालुओं की भारी संख्या के दृष्टिगत भीड़ प्रबन्धन के तहत मंदिर में दर्शनार्थियों का लगातार हो मूवमेन्ट, पुलिस द्वारा की जाये निरन्तर पेट्रोलिंग।**
- **अधिकारीगण पुलिसकर्मियों को मौके पर करें ब्रीफ, श्रद्धालुओं के साथ पुलिसकर्मी रखें विनम्र व सहयोगात्मक व्यवहार।**

आज दिनांक 25.01.2025 को **पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल** द्वारा काशी विश्वनाथ धाम क्षेत्र व आवागमन के मार्ग पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुगम यातायात व्यवस्था का पैदल गश्त कर निरीक्षण किया गया। भ्रमण के दौरान पुलिस आयुक्त महोदय द्वारा श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या के मद्देनजर आवश्यक सुरक्षा उपाय किये जाने, यातायात प्रबन्धन के लिए तैयार किये गये विशेष यातायात प्लान को सख़्ती से लागू किये जाने, मंदिर में दर्शनार्थियों की

लगातार मूवमेन्ट होने व पुलिस की निरन्तर पेट्रोलिंग किये जाने के संदर्भ में सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। पुलिस आयुक्त द्वारा श्री काशी विश्वनाथ मंदिर, अन्नपूर्णा मंदिर, काल भैरव मंदिर परिसर का भ्रमण कर श्रद्धालुओं की सुगम दर्शन व्यवस्था का निरीक्षण किया गया व गोदौलिया से मैदागिन तक पैदल गश्त की गयी। इस दौरान अपर पुलिस आयुक्त(कानून एवं व्यवस्था) श्री एस0 चन्नप्पा, पुलिस उपायुक्त सुरक्षा श्री सूर्यकान्त त्रिपाठी, अपर पुलिस उपायुक्त काशी जोन श्री सरवणन टी, सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली श्रीमती प्रज्ञा पाठक व सम्बन्धित थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस आयुक्त,
वाराणसी।